an>

Title: Need to undertake construction of flyovers in Ranchi, Jharkhand to ease traffic congestion in the city.

श्री राम टहल चौधरी (राँची) : मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र राँची (झारखण्ड) में बढ़ती यातायात व्यवस्था से आये दिन होने वाले जाम की तरफ दिलाना चाहता हूँ। राँची झारखण्ड राज्य की राजधानी है। इस महानगर में दिनोंदिन वाहनों की भीड़ बढ़ती जा रही है जिसके कारण राँची की सड़कों पर जाम एवं दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। इसके चलते लोगों को आवागमन संबंधी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या से निजात पाने के लिए जनहित में राँची के पंडरा से कचहरी चौक से मेन रोड़ होते हुए डोरन्डा तक एक फ्लाई ओवर बनाए जाने की नितांत आवश्यकता है और साथ ही फराया लाल चौक से कोकर तक एक फ्लाई ओवर का निर्माण करना भी अति आवश्यक है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनहित में उपरोक्त सड़कों पर फ्लाई ओवरों का निर्माण कराने हेतु शीघ्र धन उपलब्ध कराने की कृपा की जाए ताकि फ्लाई ओवरों का निर्माण कार्य शीघ्र कराया जा सके।